सत्यमेव जयते	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
	साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
	श्रावण 27, गुरूवार, शाके 1944-अगस्त 18, 2022 *Sravana 27, Thursday , Saka 1944- August 18, 2022*	

भाग-1(ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

विधि एवं विधिक कार्य विभाग

अधिसूचना

जयपुर, अगस्त 17, 2022

संख्या प.1(13)न्याय/2022 :-इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 27.08.1998 में आंशिक संशोधन करते हुए, राजस्थान सिविल न्यायालय अध्यादेश, 1950 (सन् 1950 का अध्यादेश संख्या 7) की धारा 7 की उपधारा (1) व धारा 12 की उपधारा (1) एवं धारा 16 की उपधारा (1) तथा दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (सन् 1974 का केन्द्रीय अधिनियम संख्या 2) की धारा 11 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राजस्थान उच्च न्यायालय के परामर्श से, राज्य सरकार, निम्नलिखित न्यायालयों का क्षेत्राधिकार तुरन्त प्रभाव से, निम्नानुसार पुनः निर्धारित करती है :-

क्र.सं.	न्यायालय का नाम	बैठक का स्थान	संशोधित क्षेत्राधिकार
1	2	3	4
1	सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, (पूर्व) भीलवाडा	भीलवाडा	भीलवाडा शहर के लगभग मध्य से गुजरने वाली रेलवे लाईन के पूर्व दिशा की ओर स्थित नगर परिषद भीलवाडा का नगर परिषद क्षेत्र
2	सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, (पश्चिम) भीलवाडा	भीलवाडा	भीलवाडा शहर के लगभग मध्य से गुजरने वाली रेलवे लाईन के पश्चिम दिशा की ओर स्थित नगर परिषद भीलवाडा का नगर परिषद क्षेत्र

राज्यपाल के आदेश से,

प्रवीर भटनागर,
प्रमुख शासन सचिव।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।